**प्रेस नोट**

**दिनांक 30.09.2025**

## मिशन शक्ति अभियान- 5.0 के अंतर्गत राजकीय महिला डिग्री कॉलेज हमीरपुर में नारी शक्ति संवाद एवं कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन।

आज दिनांक 30 सितम्बर 2025 को मिशन शक्ति अभियान-5.0 के अंतर्गत राजकीय महिला डिग्री कॉलेज हमीरपुर में एक भव्य नारी शक्ति संवाद एवं कन्या पूजन कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ श्रीमान जिलाधिकारी हमीरपुर एवं पुलिस अधीक्षक हमीरपुर द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर महिला सुरक्षा, सम्मान एवं सशक्तिकरण पर विस्तृत चर्चा की गई। छात्राओं को आत्मरक्षा के उपायों, साइबर अपराध से सुरक्षा, महिला हेल्पलाइन (1090, 181, 112, 1930) सहित अन्य उपयोगी सेवाओं की जानकारी प्रदान की गई। हमीरपुर पुलिस के अधिकारियों ने छात्राओं के साथ संवाद स्थापित कर उन्हें कानूनन अधिकारों, महिला सुरक्षा से जुड़ी योजनाओं तथा हेल्पलाइन नंबरों के उपयोग के संबंध में विस्तार से अवगत कराया। साथ ही यह आश्वासन भी दिया गया कि किसी भी परिस्थिति में पुलिस उनकी सुरक्षा और सहयोग हेतु सदैव तत्पर है। कार्यक्रम के दौरान छात्राओं एवं शिक्षिकाओं ने भी अपने विचार रखे और पुलिस-प्रशासन के इस सराहनीय प्रयास की प्रशंसा की। मिशन शक्ति अभियान का मुख्य उद्देश्य न केवल महिलाओं एवं बालिकाओं को सुरक्षा का भरोसा देना है, बल्कि उन्हें आत्मनिर्भर और आत्मविश्वासी बनाना भी है।

इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी हमीरपुर, अपर पुलिस अधीक्षक हमीरपुर, क्षेत्राधिकारी सदर सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

कार्यक्रम के अन्त में जनपद हमीरपुर पुलिस द्वारा मिशन शक्ति टीम एवं राजकीय महिला डिग्री कॉलेज हमीरपुर की छात्राओं के साथ एक सफल रैली का भी आयोजन किया गया।








शक्ति




शक्ति






शक्ति

